[ 4/8/2025]

परिशिष्ट

प्रश्न सं. [क्र. 2352]

## प्राप्त शिकायत से संबंधित मुख्य बिन्दु -

1. अमित कुमार सिंह रोजगार अधिकारी रहते वर्ष 2015 में सरकारी समिति कौशल विकास केन्द्र सतना का रजिस्ट्रेशन रोजगार कार्यालय सतना के पते पर करवाया था, जिसका रजिस्ट्रेशन क्रमांक-05/26/01/12588 /15 है।
2. इस सरकारी समिति कौशल विकास केन्द्र सतना को माध्यम बनाकर एवं इस समिति के खातों के माध्यम से एवं नगद के रूप में अमित कुमार सिंह अपने सहयोगी श्रीमति कल्पना पाण्डेय के साथ मिलकर अलग-अलग जगहों पर संस्था का संचालन करता रहा एवं लोगों से जालसाजी, धोखाधडी, फर्जीवाडा कर लोगों से लूट खसोट करता रहा एंव सरकारी पैसों का गबन करता रहा।
3. अमित कुमार सिंह अप्रैल2022 में बर्खास्त होने के बाद भी अपने सहयोगी/ सहभागीदार श्रीमती कल्पना पाण्डेय (उर्फ कल्पना शुक्ला) के माध्यम से अवैध रूप से सरकारी समिति कौशल विकास केन्द्र सतना का संचालन किया जा रहा है और करोडों रूपये सरकारी पैसों का गबन किया गया।
4. सरकारी समिति कौशल विकास केन्द्र सतना को लगातार वर्ष 2022 से वर्ष 2025 तक अमित कुमार सिंह अपने सहयोगी/सहभागीदार श्रीमती कल्पना पाण्डेय (उर्फ कल्पना शुक्ला) के साथ मिलकर जो भ्रष्टाचार किया गया है उसका विवरण बिन्दुवार निम्नानुसार है-

4.1 इस सरकारी समिति कौशल विकास केन्द्र सतना को लगातार कौशल विकास पुनर्वास रोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सिविल लाइन, सतना (म.प्र.) के माध्यम से फर्जी जानकारियों के माध्यम से भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली से स्पेशल बी.एड. और स्पेशल डी.एड. की मान्यता।

4.2 समस्त कोर फैक्ल्टी फर्जी लगाकर यानी नाम इनके CRR No. किसी और के लगाये गये।

4.3 सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग सतना (म.प्र.) में बिना NOC के आवेदन के ली गयी।

4.4 मध्यप्रदेश सामाजिक न्याय एंव दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, भोपाल में बिंना NOC के आवेदन के ली गयी।

4.5 मध्यप्रदेश सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, मंत्रालय भोपाल के समस्त NOC No. फर्जी लगाकर ली गयी। हेड ऑफ द इन्स्टीट्युशन एंव प्राचार्य श्रीमती कल्पना पाण्डेय द्वारा M.Ed. (I.D.) व M.Ed. (H.I) में दो फर्जी डिग्रियों की

जानकारी देकर ली गयी, इन्होनें अपने नाम के आगें आन्धप्रदेश प्रदेश के JANNI RAMYA का CRR NO- A91749 लगाया हुआ है इनके पास जो M.Ed. की डिग्री है वह भी जांच का विषय है।

4.6 यहां तक संस्था का पता भी फर्जी है भारतीय पुनर्वास परिषद की बेवसाइट में संस्था का पता सिविल लाइन सतना दिया हुआ है जबकि संस्था का संचालन एवं शिक्षण कार्य सतना से 35 किमी. दूर ओइला बैलाखास मैहर म.प्र. में हो रहा है।

4.7 समिति सरकारी है अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा (म.प्र) में स्पेशल बी.एड. का रजिस्ट्रेशन प्राइवेट कालेज के रूप में है।

5. कौशल विकास केन्द्र सतना (म.प्र.) की फर्जी सरकारी ब्रांच कौशल विकास प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केन्द्र मैहर में खोलकर 360 बच्चों की फर्जी ट्रेनिंग के दो-दो महीने के कम्प्यूटर फण्डामेंटल, टैली, डांस, सिलाई, ब्यूटी पार्लर के वोकेशनल कोर्स चालू किये गये हैं।

6. खजुराहो की आधार नाम की संस्था के 40 बच्चियों की Front office associate की ट्रेनिंग कौशल विकास केन्द्र सतना (म.प्र.) में और 45 बच्चियों की Ticketing and Billing और Front Office की ट्रेनिंग कौशल विकास प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केन्द्र नाम की संस्था ओइला बैलाखास मैहर में दी गई और बच्चों को सर्टिफिकेट कौशल विकास केन्द्र सतना से दिए गए, और ट्रेनिंग के नाम पर इस संस्था से 8,50,000/- (आठ लाख पचास हजार रूपये) लिए गए।

7. कौशल विकास केन्द्र सतना, कौशल विकास पुनर्वास रोजगार प्रशिक्षण संस्थान सिविल लाइन सतना (म.प्र.) व कौशल विकास प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केन्द्र मैहर के संचालन की जानकारी रोजगार कार्यालय सतना को नहीं है जबकि समिति का रजिस्ट्रेशन क्रमांक -05/26/01/12588/15 रोजगार कार्यालय सतना के पते पर ही रिजसटर्ड है। और न ही जिला कलेक्टर महोदय इसकी जानकारी दे पाए, और न ही मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड (MPSSDEGB) भोपाल के पास इसकी जानकारी है। कुल मिलाकर अमित कुमार सिंह द्वारा शासन के समानांतर (Parallel)अपनी स्वयं की सरकार चला रहा था। श्रीमती कल्पना पाण्डेय (उर्फ कल्पना शुक्ला) वर्ष 2015 से ही आदतन अपराधी प्रवृति के व्यक्ति श्री अमित कुमार सिंह के द्वारा किए गए अधिकांशत: अपराधिक गतिविधियों बराबर से भागीदार की भूमिका में संलिप्त हैं।